# आकाशवाणी शिमला

## 01.07.2024 / प्रादेशिक समाचार / 1945बजे

## ''आज के मुख्य समाचार''

- देश में तीन नए आपराधिक कानून लागू–केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा–नए कानूनों से देश में आधुनिक आपराधिक न्याय प्रणाली होगी स्थापित।
- पूर्व केन्द्रीय मंत्री व सांसद अनुराग ठाकुर ने कहा–विकास भी विरासत भी एनडीए सरकार की पहचान।
- मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा–जीरो टॉलरेंस की नीति पर काम कर रही राज्य सरकार–भ्रष्टाचार पर लगाई पूरी तरह रोक।
- प्रदेश भाजपा अध्यक्ष राजीव बिंदल ने राज्य सरकार पर खनन, नशा व गुंडा माफिया को संरक्षण देने का लगाया आरोप।

### नए आपराधिक कानून

देश में आज से तीन नये आपराधिक कानून– भारतीय न्याय संहिता 2023, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023, और भारतीय साक्ष्य अधिनियम 2023 लागू हो गये हैं। केन्द्र सरकार ने इस बारे में राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों के साथ नियमित बैठकें की हैं और वे नए कानूनों को लागू करने से संबंधित प्रौद्योगिकी, क्षमता निर्माण और जागरूकता सृजन के लिए पूरी तरह तैयार हैं। नए कानूनों के बारे में पुलिस और जांच प्राधिकरणों को समुचित प्रशिक्षण दिया गया है। आकाशवाणी और दूरदर्शन के समाचार बुलेटिनों, कार्यक्रमों और परिचर्चाओं तथा सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म के माध्यम से भी व्यापक विचार–विमर्श और गहन विश्लेषण किया गया। इसके अलावा जन–जागरूकता के लिए विभिन्न संवाद कार्यक्रम, वेबसाइट्स और मंत्रिस्तरीय वेबिनार भी आयोजित किए गए। स्कूलों और उच्च शिक्षण संस्थानों के पाठ्यक्रमों में इस बारे में जानकारी शामिल करने के प्रयास भी किए गए हैं। ये नए आपराधिक कानून जांच, सुनवाई और अदालती प्रक्रियाओं में प्रौद्योगिकी के उपयोग पर बल देते हैं। इसे देखते हुए राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो एनसीआरबी ने मौजूदा अपराध व अपराध ट्रैकिंग नेटवर्क और प्रणालियों में 23 संशोधन किए हैं।

इस बीच केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा है कि आज से लागू हुए तीन आपराधिक कानूनों से देश में सबसे आधुनिक आपराधिक न्याय प्रणाली स्थापित होगी। उन्होंने कहा कि भारतीय लोकाचार में अंतर्निहित ये नई आपराधिक न्याय प्रणाली अब पूरी तरह से स्वदेशी है। इन कानूनों के बारे में नई दिल्ली में मीडिया को जानकारी देते हुए अमित शाह ने कहा कि नए कानून त्वरित न्याय और पीड़ितों के अधिकार सुनिश्चित करेंगे। उन्होंने कहा कि पहले केवल पुलिस के अधिकारों की रक्षा की जाती थी लेकिन अब पीड़ितों और शिकायतकर्ताओं के अधिकारों की भी रक्षा की जाएगी। गृह मंत्री ने कहा कि सरकार ने देश विरोधी गतिविधियों के खिलाफ राजद्रोह कानून को खत्म कर नए प्रावधान लागू किए हैं।

## अनुराग

पूर्व केन्द्रीय मंत्री व सांसद अनुराग सिंह ठाकुर ने आज लोकसभा में राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर भाजपा के प्रथम वक्ता के रूप में एनडीए सरकार के पिछले 10 वर्ष के शासनकाल की उपलब्धियों का जिक्र किया। उन्होंने कहा कि विकास भी और विरासत भी एनडीए सरकार की पहचान है और मोदी सरकार ने 25 करोड़ गरीबों को गरीबी रेखा से बाहर निकाला है। अनुराग ठाकुर ने कहा कि भारत दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था है और पिछले 10 सालों में विदेशी मुद्रा भण्डार बढ़ा है और देश के खजाने को दोगुना किया गया है। एनडीए सरकार की उपलब्धियां गिनाते हुए उन्होंने कहा कि पिछले 10 वर्षों में 4 करोड़ पक्के मकान और 12 करोड़ शौचालय बनाकर दिए गए और लगभग हर घर तक बिजली पहुंचाई गई। उन्होंने कहा कि आयुष्मान योजना से 7 करोड़ लोगों का मुफ्त ईलाज हुआ और गरीब के जीवन में बहुत बड़ा बदलाव आया है। देश में श्रमिकों के लिए मोदी सरकार द्वारा किए गए कार्यों का उल्लेख करते हुए अनुराग ठाकुर ने कहा कि हमने नए श्रम कानून लाए जिससे लोगों को फायदा मिला और 20 करोड़ ई–श्रम कार्ड बने हैं। इस दौरान उन्होंने कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि कांग्रेस ने गरीबों को और गरीब किया है जिस कारण जनता ने कांग्रेस को बार–बार नकारा है और तीसरी बार देश में स्थिर सरकार बनाई है।

## मुख्यमंत्री

कांग्रेस के वरिष्ठ नेता व मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा है कि राज्य सरकार जीरो टॉलरेंस की नीति पर कार्य कर रही है और भ्रष्टाचार पर पूरी तरह रोक लगाई गई है। उन्होंने आज नालागढ़ विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न स्थानों पर कांग्रेस उम्मीदवार हरदीप सिंह बावा के समर्थन में चुनावी जनसभाओं को सम्बोधित किया। सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा कि भ्रष्टाचार पर लगाम लगाने से ही 6 कांग्रेस और 3 निर्दलीय पूर्व विधायकों को दिक्कत हुई और उन्होंने भाजपा के साथ मिलकर सरकार को गिराने की कोशिश की। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में सरकार पूर्ण बहुमत में है और अपना पांच वर्ष का कार्यकाल पूरा करेगी। उन्होंने कहा कि भाजपा ने जनता पर उपचुनाव का बोझ थोपा है और अब जनता इन उपचुनावों में भाजपा को करारा जवाब देगी। मुख्यमंत्री ने लोगों से 10 जुलाई को होने वाले उपचुनाव में कांग्रेस प्रत्याशी हरदीप सिंह बावा के पक्ष में बढ़–चढ़कर मतदान करने की अपील भी की। इस अवसर पर स्वास्थ्य मंत्री कर्नल धनीराम शांडिल और उद्योग मंत्री हर्षवर्धन चौहान सहित अन्य पार्टी पदाधिकारी व कार्यकर्ता भी मौजूद रहे।

## विक्रमादित्य सिंह

लोकनिर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने आज शिमला में विभिन्न विभागों के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ शिमला ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र में चल रहे विकास कार्यों को लेकर एक समीक्षा बैठक की अध्यक्षता की। इस दौरान उन्होंने क्षेत्र में प्रधानमंत्री सड़क योजना के तहत किए जा रहे कार्यों, सम्पर्क मार्गों, स्कूल भवनों और सिंचाई योजनाओं, उठाऊ पेयजल योजनाओं व कूहलों के निर्माण व रखरखाव और वर्षा जल संग्रहण बांध के संबंध में भी चर्चा की। लोक निर्माण मंत्री ने अधिकारियों को सभी लम्बित कार्यों को तय समयावधि और प्राथमिकता के आधार पर पूरा करने के निर्देश दिए। विक्रमादित्य सिंह ने परिवहन विभाग के अधिकारियों से शिमला ग्रामीण के विभिन्न क्षेत्रों में पथ परिवहन निगम की

बस सेवाएं आरम्भ करने, बसों के मौजूदा रूटों का दायरा बढ़ाने, सुन्नी बस अड्डे को नई बसें प्रदान करने और धामी बस अड्डे के नए भवन के निर्माण को लेकर भी चर्चा की। इसके अलावा उन्होंने नगर निगम शिमला के तहत आने वाले क्षेत्रों में सीवरेज पाईप बिछाने, पार्किंग व एम्बुलेंस सड़क के निर्माण कार्यों के संबंध में अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

**बिंदल**

प्रदेश भाजपा अध्यक्ष राजीव बिंदल ने प्रदेश सरकार पर खनन, नशा व गुंडा माफिया को संरक्षण देने का आरोप लगाया है। शिमला में आज एक पत्रकार वार्ता में उन्होंने कहा कि देवभूमि हिमाचल में गुंडाराज हावी हो गया है और खनन, वन और नशा माफिया के हौंसले बुलंद है। बिंदल ने कहा कि कांग्रेस सरकार के बीते डेढ़ वर्ष के कार्यकाल में कानून व्यवस्था पूरी तरह चरमरा गई है और सरकार का सत्ता में बने रहना आम जनता के लिए घातक है। उन्होंने राज्य सरकार पर आरोप लगाते हुए कहा कि सरकारी तंत्र प्रदेश के लोगों और उनके जीवन से खिलवाड़ कर रहा है और सरकार स्वयं कानून व्यवस्था की धज्जियां उड़ा रही हैं। बिंदल ने प्रदेश में 10 जुलाई को होने वाले तीन विधानसभा उपचुनावों में भाजपा की जीत का दावा भी किया।

**नरेश चौहान**

प्रदेश कांग्रेस उपाध्यक्ष नरेश चौहान ने कहा है कि प्रदेश में भाजपा का ऑपरेशन लोटस पूरी तरह विफल रहा और जनता ने भाजपा की षडयंत्रकारी नीति को बेनकाब कर दिया है। शिमला में आज एक पत्रकारवार्ता में उन्होंने कहा कि भाजपा नेताओं ने सत्ता की लालसा में प्रदेश की जनता को नौ विधानसभा क्षेत्रों में उपचुनाव में झोंकने का काम किया। नरेश चौहान ने कहा कि हिमाचल में पहली बार ऐसा हुआ है कि बहुमत की सरकार को गिराने का प्रयास किया गया और प्रदेश की जनता इस तरह की धन–बल की राजनीति को स्वीकार नहीं करती है। उन्होंने कहा कि देहरा, हमीरपुर और नालागढ़ तीन विधानसभा क्षेत्रों में होने वाले उपचुनावों में कांग्रेस की जीत होगी और चुनाव नतीजे आने के बाद विधानसभा में कांग्रेस के विधायकों की संख्या 41 हो जाएगी।

**जयराम ठाकुर**

नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने राज्य सरकार पर आरोप लगाते हुए कहा है कि सरकार लोगों को मिल रही मुफ्त बिजली को बंद करने की तैयारी कर रही है। शिमला से जारी एक बयान में उन्होंने कहा कि सरकार आयकर के दायरे में आने वाले लोगों से ये सुविधा वापिस लेने की तैयार कर चुकी है और बहुत जल्द ही ये मुद्दा कैबिनेट में आने वाला है। जयराम ठाकुर ने कहा कि कांग्रेस ने प्रदेश की जनता से सत्ता में आने के लिए झूठे वायदे किए और तीन सौ यूनिट बिजली मुफ्त देने की गारंटी भी दी थी। नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि कांग्रेस सरकार को लोगों की सुख सुविधाएं से कोई लेना–देना नहीं है और ये सरकार अपराधियों को संरक्षण दे रही है। उन्होंने दावा किया कि प्रदेश में हो रहे तीन उपचुनावों में भाजपा भारी बहुमत से जीत दर्ज करेगी।

**पैंशनर बैठक**

हिमाचल प्रदेश पैंशनर एसोसिएशन ने अपने विभिन्न मुद्दों को लेकर सरकार से जे.सी.सी. बैठक बुलाने की मांग की है। शिमला में आज पैंशनर एसोसिएशन द्वारा एक बैठक का आयोजन किया गया जिसमें प्रदेशभर से पैंशनर मौजूद रहे। एसोसिएशन के अध्यक्ष आत्मा राम शर्मा ने बताया कि पैंशनरों की मुख्य मांगों में एरियर, ग्रैच्युटी का भुगतान और चिकित्सा बिल भी शामिल है। उन्होंने सरकार से पैंशनरों के मुद्दों को जल्द हल करने का आग्रह किया है।

**अभियान**

देश भर में आज से ''स्टॉप डायरिया अभियान'' शुरू हो गया है। 31 अगस्त तक चलने वाले इस अभियान का विषय है ''डायरिया की रोकथाम, सफाई और ओआरएस से रखें अपना ध्यान। अभियान के दौरान प्रदेश भर में पांच वर्ष तक की आयु के बच्चों में डायरिया को पूरी तरह समाप्त करने के उद्देश्य से कई कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इस अभियान के तहत कांगड़ा जिला में लगभग तीन लाख घरों में 5 वर्ष तक की आयु के करीब 90 हजार बच्चों को ओआरएस व जिंक की गोलियां वितरित की जाएंगी। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर राजेश गुलेरी ने क्षेत्रीय अस्पताल धर्मशाला में डायरिया नियंत्रण अभियान का शुभारंभ करने के बाद ये जानकारी दी। उधर किन्नौर के उपायुक्त अमित कुमार शर्मा ने क्षेत्रीय अस्पताल रिकांगपिओ से स्टॉप डायरिया अभियान के शुभांरभ अवसर पर डॉयरिया के प्रति जागरूकता बढ़ाने पर बल दिया। इस दौरान मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर सोनम नेगी ने स्टॉप डायरिया अभियान के बारे में विस्तृत जानकारी प्रदान की। वहीं कुल्लू की उपायुक्त तोरूल एस.रवीश ने क्षेत्रीय अस्पताल कुल्लू में स्टॉप डायरिया अभियान का शुभारंभ किया और शिशुओं के अभिभावकों को ओआरएस घोल और जिंक की दवाइयां वितरित की। इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर नागराज पवार ने कहा कि जिले में दो माह तक सभी घरों में 5 साल तक के छोटे बच्चों को डायरिया से बचाने के लिए ओआरएस घोल और जिंक की दवाइयां वितरित की जाएगी।

## अंत में मुख्य समाचार एक बार फिर

- देश में तीन नए आपराधिक कानून लागू–केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा–नए कानूनों से देश में आधुनिक आपराधिक न्याय प्रणाली होगी स्थापित।
- पूर्व केन्द्रीय मंत्री व सांसद अनुराग ठाकुर ने कहा–विकास भी विरासत भी एनडीए सरकार की पहचान।
- मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा–जीरो टॉलरेंस की नीति पर काम कर रही राज्य सरकार–भ्रष्टाचार पर लगाई पूरी तरह रोक।

और

- प्रदेश भाजपा अध्यक्ष राजीव बिंदल ने राज्य सरकार पर खनन, नशा व गुंडा माफिया को संरक्षण देने का लगाया आरोप।